हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


14 बिरकोनी में मनाया विखं स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव





14 मानसून को लेकर नपा की तैयारियां तेज, सफाई ...




## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**महासमुंद**। करणी कृपा गेट के आगे मेन रोड एनएच 53 पर एक ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि आशीष कुमार पिता नरेश तांती (26 वर्ष) फुल्काम थाना जमालपुर जिला मुंगेर बिहार घर जाने के लिए 24 जून को प्लांट से सुबह 06.30 बजे निकला था करणी कृपा गेट के आगे मेन रोड एनएच 53 पर रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेबी 2863 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए आशीष कुमार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध तुमगांव थाना में धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

**महासमुंद**। सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर से बाइक के टकरा जाने से नाबालिग की मौत के मामले की सांकरा पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के मर्ग क्रमांक 14/26 धारा 194 बीएनएसएस जांच की जांच की गई। जांच में पुलिस ने घटना के समय मृतक उमेश कुमार यादव पिता तेज कुमार यादव (16 साल) बेलारी थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार छग के साथ में रहे रामप्रसाद यादव पिता मिलउ राम यादव (17 साल) गबोध से पूछताछ की गई। जिसने अपने कथन में बताया कि दिनांक 09.02.2026 को ग्राम सांकरा में शादी के कार्यक्रम में गये थे, वहीं पर उमेश यादव के किराया के मकान रहने से मेरे दोस्त करन मिर्धा के मोटर सायकल को जिद कर मांग कर उसे भी साथ लेकर एनएच 53 रोड के तरफ ले गये और मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर में टकराकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उमेश की मौत हो गई और मुझे जबड़े पर चोट आई। मामले में धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कार चालक के ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा बाइक सवार घायल

**महासमुंद**। कार चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से उसके पीछे आ रहा एक बाइक चालक टकराने से घायल हो गया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मुजाहिद अली ने बताया कि वह जिला न्यायालय में वकालत करता हैं। 15 जून को अपने स्वयं के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 1029 में कालिंदी नर्सिंग अकेडमी के सामने दूध डेयरी से दूध लेकर वापस घर जा रहा था, रात्रि करीबन 08.30 बजे स्टेशन रोड स्थित एक होटल के पास पहुंचा था, तभी उसके सामने चल रहे कार क्रमांक सीजी 06 जीएन 9200 के चालक द्वारा अपनी कार का ब्रेक लगा दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर उसकी कार से टकरा कर गिर गया। गिरने से उसे चोट लगी। जब उसने कार चालक के पास जाकर कहा कि आप अपने कार को अचानक ब्रेक क्यों लगाये हो। इस पर कार चालक द्वारा प्रार्थी साथ दुर्व्यवहार कर गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281, 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अपराध : शादी के लिए लगातार दबाव बनाने की बात आई सामने

# हत्याकांड का खुलासा: नाबालिग ने की बालिग प्रेमिका की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी के लिए दबाव बनाने से परेशान युवक ने अपनी प्रेमिका के जन्मदिन पर खास गिफ्ट देने के लिए आंखें बंद कराई और पत्थर से सिर कुचलकर मार डाला। इससे पहले नाबालिग ने युवती से संबंध भी बनाए। युवती अपने जन्मदिन वाली रात भागने के इरादे से घर से निकली थी और कपड़े भी साथ रखे हुए थी। मामला दो दिन पूर्व जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा झारा नाला में रेत में दबी मिली लाश का है जिसे सुलझाते हुए पुलिस नाबालिग आरोपी तक पहुंच गई। जांच में सामने आया कि नाबालिग की कथित गर्लफ्रेंड भारती टंडन उससे शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। वहीं, नाबालिग बॉयफ्रेंड ने प्रेशर में आकर शादी के लिए हामी तो भर दी लेकिन, जिस रात उसका मर्डर हुआ उस दिन 19 जून को वह बालिग की हो गई और अपने नाबालिग ब्वॉयफ्रेंड के साथ भागने के इरादे से कपड़े भी साथ लेकर उससे मिलने पहुंची थी। वारदात से पहले नाबालिग ने शारीरिक संबंध बनाए। फिर स्पेशल गिफ्ट देने की बात कहते हुए आंखें बंद करने कहा और आंख बंद करते ही पत्थर से सिर पर हमला हत्या कर दी और लाश को रेत में गाड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, भारती टंडन (18) ने 11वीं पास कर 12वीं क्लास में एडमिशन लिया था। वह 3 बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। 19 जून को उसने अपना जन्मदिन मनाया। और रात करीब 3 बजे वह अचानक घर से लापता हो गई। भारती का नाबालिग लड़के से अफेयर था। आशंका जताई गई है कि जन्मदिन पर वह देर रात उस युवक से मिलने निकली होगी। इसके बाद 20 जून को जब वह घर नहीं लौटी तो रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की गई। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। तो घर के लोगों ने खल्लारी थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



#### पहले बनाए संबंध फिर कर दी हत्या

जांच में सामने आया कि नाले के किनारे मिलने के बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। वारदात के बाद आरोपी ने शव को रेत में दबा दिया, ताकि किसी को घटना की जानकारी न मिल सके। उसने आसपास पड़े सामान को भी छिपाने की कोशिश की। हालांकि जांच के दौरान पुलिस को पुल के नीचे से युवती का बैग मिला। घटनास्थल के पास से उसकी लेगिंग्स, बालों के गुच्छे और अन्य सामान भी बरामद हुए। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

#### बॉयफ्रेंड ने पूछताछ में स्वीकारा जुर्म

उसने पुलिस को बताया कि भारती लगातार शादी की बात कर रही थी। इसी वजह से दोनों के बीच कई बार कहासुनी और विवाद भी हुआ था। पुलिस ने कॉल डिटेल, घटनास्थल से मिले सबूत के आधार पर नाबालिग बॉयफ्रेंड को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इस दौरान बॉयफ्रेंड ने जुर्म स्वीकारा और पुलिस को सारी बातें बताई।

#### शादी का भरोसा देकर रची हत्या की साजिश

पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग बॉयफ्रेंड भारती से पीछा छुड़ाना चाहता था। इसके लिए उसने हत्या की साजिश रची। उसने कॉल पर भारती को भरोसा दिलाया कि वह उससे शादी करेगा। 19 जून की रात उसने जन्मदिन मनाने और साथ रहने का वादा किया। बॉयफ्रेंड के कहे अनुसार भारती रात में घर से बैग में कपड़े और जरूरी सामान लेकर मिलने के लिए निकल गई।



#### बाल संप्रेक्षण भेजा गया

पुलिस ने आरोपी बॉयफ्रेंड को विधिवत अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण भेज दिया गया है।

#### नाले की रेत में दफन मिली लाश

22 जून को ग्रामीणों को गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक नाले की रेत में दफन एक लाश मिली। जिसके शरीर का कुछ हिस्सा बाहर निकला था। और तेज दुर्गंध भी आ रही थी। पैर के पंजों को जानवर नोंच चुके थे। शरीर के निचले हिस्से में कपड़ा नहीं था। लेगिंग्स कुछ दूरी पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही खल्लारी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। रेत हटाकर शव को बाहर निकाला गया और आसपास के ग्रामीणों से पहचान कराई गई, जिससे शव की पहचान भारती टंडन के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को नाबालिग से अफेयर के बारे में जानकारी मिली।

## ऑनर किलिंग

### अंतरजातीय विवाह के चलते पिता ने ही भाइयों के साथ किया बेटी का कत्ल

#### आरोपी गिरफ्तार, सह आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश, जल्द गिरफ्तारी का दावा



**महासमुंद**। जिले के थाना पटेवा क्षेत्र के तुरेंगा गांव में मिली अज्ञात महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए हत्या के मुख्य आरोपी मृतका के पिता को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल एवं घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि 17 जून को ग्राम तुरेंगा के खेत में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला के गले व शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान पाए जाने पर थाना पटेवा में हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मृतका की पहचान उसके पति ने बागबाहरा निवासी रानी कुमारी सिंह के रूप में की। जांच में सामने आया कि मृतका द्वारा अंतरजातीय प्रेम विवाह करने से उसके पिता उमेश सिंह, चाचा दिनेश सिंह एवं बड़े पिता राजेश सिंह नाराज थे। तीनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और रानी को जबरदस्ती अपने साथ ले जाकर सुनसान खेत में उसकी हत्या कर दी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम सूरत पहुंची, जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी उमेश सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी उमेश सिंह पिता इंद्रासन सिंह (50 वर्ष) ग्राम कजरुखुर्द थाना पांडु जिला पलामु झारखंड वर्तमान पता सूरत गुजरात को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी होने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।

## बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत मामले की जांच

### आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कॉलेज के पास काम से गए एक युवक की बोलेरो वाहन की ठोकर से हुई मौत के मामले में जांच के बाद बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना बागबाहरा के मर्ग क्रमांक 35/2026 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई। जांच के दौरान मृतक पीयूष पांडे के परिजन भाई वेंकटेश पांडे, यशवंत पांडे, अक्षय पांडे, फरहान अली उर्फ मलिक एवं मोहम्मद सोनू से पूछताछ की गई।सभी ने अपने कथन में बताया कि घटना दिनांक 17/02/2026 को करीबन 11 बजे पीयूष पांडे पिता हरिशंकर (23 वर्ष) अपने घर से बागबाहरा कॉलेज के पास काम से गया था उसी समय पीयूष को बोलेरो वाहन क्रमांक- सीजी 06 जीएक्स 5570 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पीयूष पांडे के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई। दिनांक 19/02/2026 को डॉ0 बीआर अंबेडकर अस्पताल रायपुर में डॉक्टर द्वारा पीयूष पांडे को चेक कर मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ग्रामसभा के दौरान मारपीट

**महासमंद**। ग्राम जामजुड़ा में ग्रामसभा बैठक के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गुलशन साहू ने बताया कि 24 जून को हमारे गांव के पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक हो रही थी। उसी समय वह अपने दादा के नाम से स्वीकृत इंदिरा आवास कट जाने के विषय में रोजगार सहायक से बात कर रहा था, तभी गांव के लोचन सिदार आकर कहा कि तेरे दादाजी का नाम ऊपर से कट गया है और यहां तू बहस कर रहा है। ऐसे कहकर उसने गाली देते हुए मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## स्वरोजगार व आजीविका संवर्धन के लिए लगा आजीविका मेला

### कलेक्टर ने कहा: हुनर और रूचि के अनुरूप मिलेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने, स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आजीविका मेला 2026 का आयोजन वन विद्यालय के प्रशिक्षण हाल में किया गया।

मेले में श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आरसेटी, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, कौशल विकास, जिला रोजगार केंद्र, बिहान एवं अन्य डिपार्टमेंट द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों से जुड़ने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और हितग्राहियों से संवाद कर उनके अनुभव एवं आवश्यकताओं को जाना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि आजीविका मेला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपनी क्षमता के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय संसाधनों पर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। युवाओं, महिलाओं एवं हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विभागों को हितग्राहियों के हुनर और रूचि के अनुरूप रोजगार चुनाव के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को सूची बनाकर आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि बिहान समूहों के अलावा अन्य हितग्राहियों को आजीविका के स्थायी साधनों से जोड़ने के लिए विभागीय समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, बाजार उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर तैयार किए जा सकते हैं। इसी दिशा में यह आजीविका मेला का आयोजन किया गया है। मेले में उपस्थित हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। बिहान समूह की दीदियों ने बताया कि समूह के माध्यम से उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने, प्रशिक्षण प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में बिहान की दीदियां, स्व-सहायता समूह सदस्य एवं हितग्राही उपस्थित रहे।



विभागीय स्टॉलों के माध्यम से हितग्राहियों को मिली रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी

### इंटर हाउस अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

## क्रिकेट स्पर्धा में विजेता बनी टर्मिनेटर नाइट राइडर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित इंटर हाउस अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता के सभी मुकाबले एकेडमी के तीन अलग-अलग मैदान रायपुर, महासमुंद एवं कुम्हारी में खेले गए। प्रतियोगिता में एकेडमी की तीनों शाखाओं के खिलाड़ियों को आपस में विभाजित कर कुल 8 टीमें बनाई गई थीं। इनमें टर्मिनेटर कुम्हारी कैपिटल्स, टर्मिनेटर रुंगटा टाइटंस, टर्मिनेटर रॉयल्स, टर्मिनेटर महासमुंद इंडियंस, टर्मिनेटर सुपर किंग्स, टर्मिनेटर नाइट राइडर्स, टर्मिनेटर रॉयल चैलेंजर्स एवं टर्मिनेटर किंग्स शामिल रहीं।

लीग मुकाबलों के बाद टर्मिनेटर नाइट राइडर्स, टर्मिनेटर रुंगटा टाइटन्स, टर्मिनेटर किंग्स एवं टर्मिनेटर महासमुंद इंडियंस ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में टर्मिनेटर नाइट राइडर्स और टर्मिनेटर किंग्स ने जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में टर्मिनेटर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और टर्मिनेटर नाइट राइडर्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नाइट राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 256 रन बनाए। टीम की ओर से आर्यन दुबे ने 68 रन और गणेश नागवानी ने 62 रन की शानदार पारियां खेलीं। वहीं टर्मिनेटर किंग्स की ओर से लावण्य ठाकुर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए।

257 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टर्मिनेटर किंग्स की टीम ने अच्छा संघर्ष किया। टीम की ओर से मनोज पटेल ने शानदार 91 रन बनाए, जबकि लावण्य ठाकुर ने 31 रन का योगदान दिया। इसके बावजूद टर्मिनेटर किंग्स की टीम निर्धारित ओवरों में 219 रन ही बना सकी। नाइट राइडर्स की ओर से गेंदबाजी में युवराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि शिवम ने 2 विकेट प्राप्त किए। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टर्मिनेटर नाइट राइडर्स ने यह मुकाबला 37 रनों से जीतकर इंटर हाउस अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। तृतीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में टर्मिनेटर रुंगटा टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 157 रन बनाए। टीम की ओर से मेहुल ने 59 रन तथा ऋषिराज ने 22 रन का योगदान दिया। वहीं महासमुंद इंडियंस की ओर से शिवांश ने 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद इंडियंस की टीम 106 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से भाविक पटेला ने 33 रन बनाए। वहीं रुंगटा टाइटंस की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अनुराग वर्मा और ऋत्विक साहू ने 4-4 विकेट हासिल किए। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अनुराग वर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस तरह टर्मिनेटर रुंगटा टाइटंस ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि टर्मिनेटर नाइट राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट मनोज पटेल, बेस्ट बैट्समैन मनोज पटेल, बेस्ट बॉलर शिवांश दीवान, बेस्ट फील्डर आदित्य वर्मा, बेस्ट विकेट कीपर नेहाल कौशिक रहे।





### महुआ शराब बरामद, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने कौड़िया जंगल आंवलानाला के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मधुसूदन चौधरी पिता स्व युधिष्ठिर चौधरी (43 वर्ष) वार्ड नं 11 कौड़िया पारा पिलवापाली थाना पिथौरा के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए व 04 नग बर्तन कीमत करीबन 3000 रुपए कुल 5000 रुपए के सामान को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने आरोपी लोकनाथ डडसेना पिता संतलाल डडसेना (32 साल) रिसेकेला थाना सरायपाली को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 0477 में शराब परिवहन करते हुए पकड़ा। ग्राम दर्राभाठा मोड के पास आरोपी के कब्जे 30 नग रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 2400 रुपए और बाइक कीमत 30000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### कपड़ा धोने, खाना बनाने के विवाद पर पत्नी की हत्या

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व कपड़ा धोने तथा खाना बनाने के विवाद पर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक जगदीश प्रसाद अग्रवाल के अनुसार कोर्ट ने तीजन बाई देवांगन की हत्या के आरोप में याज्ञवल्क देवांगन को सजा सुनाई है। कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक 6 मार्च 2024 को आरोपी ने अपनी पत्नी को कपड़ा धोने तथा खाना बनाने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान सिलाई मशीन की कैंची से अपनी पत्नी के गले में वार कर हत्या कर दी।

### मामूली विवाद पर दादी की टंगिया मारकर हत्या

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर अपनी दादी की टंगिया मारकर हत्या करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश शर्मा की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक राहुल गुप्ता के अनुसार कोर्ट ने गोपाल नगर निवासी फेकन बाई की हत्या के आरोप में दिनेश उर्फ दीनू साहू को कैद की सजा सुनाई है। आरोपी ने 19-20 अप्रैल की दरमियानी रात अपनी दादी की टंगिया से वार कर हत्या कर दी थी।

### पेट्रोल पंप से हाइवा चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** पेट्रोल पंप में पार्क हाईवा चोरी करने के आरोपी को उरला पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मनीराम यादव की शिकायत पर पुलिस ने खिलावन पात्रे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 जून की शाम सात बजे हाईवा सीजी 07 सीए 5157 का चालक बजरंगबली मौर्या जेए फयूल्स में वाहन पार्क कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन मौके पर ड्राइवर पहुंचा, तो हाईवा गायब मिला। पुलिस ने आरोपी को घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज तथा मुखबिरों की मदद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

# रीवा का किराया 3656, जगदलपुर 4500, इसलिए खत्म नहीं हो रहा हवाई यात्रियों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जगदलपुर-रायपुर को हवाई मार्ग से जोड़ने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट में यात्रियों का टोटा खत्म ही नहीं हो पा रहा है। आने वाले दो-तीन महीनों में इसका संचालन हैदराबाद-जगदलपुर तक सीमित हो सकता है और रायपुर से संपर्क टूट हो सकता है। दोनों शहरों के बीच यात्रियों की संख्या कम होने की बड़ी वजह ज्यादा किराया है। रीवा के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का फेयर 3656 है, वहीं जगदलपुर का किराया 4500 देना पड़ता है। रीवा-रायपुर प्लाइट को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है और हर उड़ान में साठ फीसदी तक यात्री सफर कर रहे हैं।

क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत जगदलपुर-रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट की योजना कारगर नहीं हो पा रही है। पूर्व की दो कोशिशों की तरह इस बार भी एयरलाइंस कंपनी को इस सेक्टर में यात्री संकट का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस 72 सीटर फ्लाइट में कई बार 2 से 3 यात्री ही अपना सफर पूरा कर रहे हैं। इसकी वजह से फ्लाइट के फ्यूल का खर्च भी निकालना मुश्किल हो रहा है। यह फ्लाइट हैदराबाद से जगदलपुर के बीच भी आवाजाही करती है, जिसमें पर्याप्त संख्या में यात्री रहते हैं, जबकि रायपुर कनेक्टिविटी के दौरान इनकी संख्या दहाई तक भी बहुत कम पहुंचती है। आशंका जताई जा रही है कि घाटे का सौदा होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन अगले दो से तीन महीने में हैदराबाद-जगदलपुर के बीच सिमट जाएगा। इधर सूत्रों का कहना है कि यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की बड़ी वजह इसका ज्यादा किराया है। रायपुर-जगदलपुर का किराया 4500 है, वहीं इससे ज्यादा दूरी वाले रायपुर-रीवा के लिए यात्रियों को 3656 रुपए की खर्च करने पड़ रहे हैं। अलायंस एयर ही अपनी एक फ्लाइट का संचालन सप्ताह में तीन दिन रायपुर-रीवा के बीच करती है। इसकी हर उड़ान में साठ फीसदी से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं।

- जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट कुछ महीनों का मेहमान, सिर्फ हैदराबाद के लिए चलेगी
- रीवा-रायपुर फ्लाइट का रिस्पांस बेहतर, हर उड़ान को मिल रहे साठ फीसदी यात्री



### बारिश में कम होंगे यात्री

बारिश का मौसम आने के बाद हवाई यात्रियों की संख्या कम हो जाएगी। इस सीजन में घूमने-फिरने का दौर कम हो जाता है और यात्रा आवश्यक कार्यों तक सीमित हो जाता है। वर्तमान में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रतिदिन आठ हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते है और विभिन्न शहरों की फ्लाइट 30-30 बार टेकऑफ और लैंडिंग करती है।

### पहले भी आ चुकी अलायंस एयर

शुरुआत में रायपुर-जगदलपुर के बीच एयर ओडिशा की 17 सीटर फ्लाइट के बाद अलायंस एयर अपनी 72 सीटर फ्लाइट लेकर आया था। सालभर से अवधि में चलने के बाद उसे कैंसिल कर दिया गया था। इस बीच इंडिगो ने भी इस सेक्टर में कुछ दिनों तक अपना विमान संचालित किया और घाटे का सौदा होने पर फ्लाइट रद्द कर दी गई। अभी अलायंस एयर का दूसरा प्रयास है जिसके ज्यादा दिनों तक चलने की संभावना कम है।

## नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 6 जुलाई को

# विशेष सामान्य सभा में जलभराव, पेयजल अवैध प्लाटिंग मुद्दों पर होगी खुली चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**सभी वार्ड के पार्षद अपने-अपने वार्ड की गंभीर समस्याओं एवं किन चुनौतियों से सामना कर रहे संबंधी बातें रखेंगे**

नगर निगम रायपुर की विशेष सामान्य सभा की बैठक 6 जुलाई को बुलाई गई है। इस बैठक में पेयजल, अवैध प्लाटिंग के साथ बारिश के सीजन को देखते हुए जलभराव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि प्रदेश में मानसून का आगाज हो चुका है तथा कई वार्ड में जलभराव की स्थिति बनती है, वहीं पेयजल समस्या की शिकायतें भी आ रही हैं। इन दोनों समस्या को जड़ से खत्म करना है। इसके अलावा अवैध प्लाटिंग के मामले भी लगातार सामने आ रहे है, जो राजस्व विभाग के लिए भी चुनौती बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बैठक में प्रत्येक वार्ड के पार्षद भी अपने-अपने वार्ड की गंभीर समस्या एवं किस तरह की चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है, इसे खुलकर रख पाएंगे। इधर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी का कहना है कि घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपए फूंके गए हैं, लेकिन शहर के 40 प्रतिशत वार्डों में अभी भी पेयजल की समस्या बनी हुई है। वहीं जलभराव की समस्या भी जस की तस है। उन्होंने कहा कि सिर्फ विशेष सामान्य सभा बुलाकर चर्चा कराने से समस्याओं का

### पारदर्शिता के साथ हो सकेंगे काम

*मीनल चौबे ने कहा कि सामान्य सभा में समस्त विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान कोई भी पार्षद अपने वार्ड से संबंधित गंभीर समस्या की बात मजबूती के साथ रख पाएगा, क्योंकि बैठक में उस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि खुली चर्चा में यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस-किस वार्ड में कौन-कौन सी गंभीर समस्या है। इन समस्याओं के निदान के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जाएंगे। इससे काम भी पारदर्शिता के साथ होंगे।*



### ज्वलंत मुद्दों पर खुली चर्चा

*महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी बार-बार सामान्य सभा को लेकर यही कहते हैं कि बैठक में एजेंडों पर ही चर्चा हो पाती है। वार्डों के ज्वलंत मुद्दों पर न ही चर्चा होती है और न ही समस्याओं का निराकरण किया जाता है। अधिकारी-कर्मचारी वर्ग सही तरीके से काम करते नहीं हैं, जिसके कारण जनता वार्ड के पार्षदों पर नाराजगी व्यक्त करती है। महापौर ने कहा कि नेता प्रतिक्ष की इस चिंता को दूर करने के लिए विशेष सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है, ताकि इस बैठक में प्रत्येक वार्ड से संबंधित गंभीर समस्याओं पर खुली चर्चा हो सके।*

### ड्रेनेज सिस्टम के लिए अब तक केंद्र से नहीं मिले 220 करोड़

*नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि शहर में जलभराव के हालात सुधर नहीं रहे हैं। बारिश होते ही शहर के कई वार्ड में जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भराव से बचने के लिए बाढ़ नियंत्रक प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है। सभी सभी जोन को जिम्मेदारी भी दी गई है। यह अच्छी बात है पर इस समस्या का स्थाई निदान कब होगा। इस सवाल का जवाब महापौर एवं निगम प्रशासन के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से नगर निगम को 220 करोड़ रुपए मिलने थे। इस राशि को लाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। इस राशि का कुछ हिस्सा भी अगर मिल जाता, तो शहर के कुछ हिस्से इस बरसात में जलभराव से बच जाते।*

# ब्लींकिट भवन में पार्किंग-सुरक्षा के इंतजाम नहीं



- संचालन भी पूर्णता प्रमाणपत्र के बिना हो रहा था, निगम ने किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के समता कालोनी क्षेत्र में ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लींकिट कंपनी के भवन को नगर निगम प्रशासन ने सीलबंद करने की कार्रवाई की है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस भवन में न ही पार्किंग की व्यवस्था थी और न ही आग लगने पर सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था की गई थी। यही नहीं, व्यवसाय के संचालन के लिए नगर निगम प्रशासन से पूर्व में प्रमाणपत्र भी लिया नहीं गया था। इन कमियों को देखते हुए प्रशासन ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यवसाय भवन को सीलबंद किया है। जोन-7 कमिश्नर तृप्ति पाणीग्रही की उपस्थिति में नगर निवेश और राजस्व विभाग की टीम समता कालोनी में प्रगति कालोज के पास संचालित ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लींकिट भवन पहुंची। टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान पाया कि भवन में वाहन पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है, जिसके कारण इस व्यवसाय से जुड़े कर्मचारी भवन के बाहर सड़क तक वाहन खड़ा कर रहे हैं। भवन के अंदर जांच में यह भी पाया गया कि आगजनी जैसी घटना होने पर उसे काबू पाने तथा लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशामक व्यवस्था भी नहीं की गई है। इसके अलावा जांच में यह भी पाया कि कंपनी व्यवसाय संचालन से संबंधी पूर्णता प्रमाण-पत्र के बिना किया जा रहा है।

इस कार्रवाई के दौरान टीम में कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, उपअभियंता प्रेरणा अग्रवाल, चंद्रकांत बर्गे सहित जोन दफ्तर के नगर निवेश विभाग और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी भी थे।

# एक दिन में 607 लोगों ने जमा किया 1.27 करोड़ से अधिक संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर का राजस्व विभाग संपत्तिकर वसूली अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को एक दिन में 607 संपत्ति मालिकों ने 1 करोड़ 27 लाख 16 हजार 954 रुपए का संपत्ति कर जमा किया है। एक दिन में संपत्ति कर के रूप में इतनी बड़ी राशि जमा होने से नगर निगम के राजस्व विभाग का खजाना भी भरा है। हालांकि निगम क्षेत्र में अभी भी हर वार्ड में ऐसे थोक में संपत्ति मालिक हैं, जिन्होंने अब तक चालू वर्ष का संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है।



### 30 तारीख तक 6.25 प्रतिशत तक छूट

नगर निगम राजस्व विभाग ने संपत्ति मालिकों से कहा है, वित्तीय वर्ष 2026-27 का सम्पति कर का भुगतान जल्द से जल्द करें। इसके लिए संपत्ति कर की राशि में छूट भी दी जा रही है। छूट की राशि 6.25 प्रतिशत है। यह छूट कुल वार्षिक संपत्ति कर की राशि में दी जा रही है। छूट की अंतिम तारीख 30 जून निर्धारित की गई है।

### जोन 2 में सर्वाधिक 77 संपत्ति मालिकों ने जमा कराई राशि

नगर निगम क्षेत्र के जोन-2 अंतर्गत सबसे अधिक संपत्ति मालिकों ने संपत्ति कर की राशि जमा कराई है। इस क्षेत्र के 77 संपत्ति मालिकों ने 20 लाख 43 हजार 266 रुपए जमा किया है। इसी प्रकार जोन 7 अंतर्गत 64 संपत्ति मालिकों ने 16 लाख 43 हजार 511 रुपए, जोन 8 अंतर्गत 67 ने 10 लाख 95 हजार 536 रुपए, जोन 9 अंतर्गत 70 ने 14 लाख 45 हजार 839 रुपए तथा जोन 10 अंतर्गत 95 ने 27 लाख 20 हजार 665 रुपए की राशि जमा कराई है।

# गृह निर्माण समिति में चार करोड़ का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भैरव सोसाइटी में एक दशक पूर्व 2012 को चार करोड़ रुपए से ज्यादा की आर्थिक गड़बड़ी के मामले में बुधवार को एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने तत्कालीन वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक (परिसमापक) राजकुमार नायडू के खिलाफ साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान पेश किया है। चालान ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया है। आरोप है कि राजकुमार ने भैरव गृह निर्माण समिति एवं राष्ट्रीय खनिज विकास निगम गृह निर्माण समिति रायपुर के परिसमापक के पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। उसके द्वारा राष्ट्रीय खनिज विकास निगम गृह निर्माण समिति में निर्धारित प्रक्रिया एवं अधिकार क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप है। नायडू ने छलपूर्वक समिति के सदस्यों को आबंटित एवं पंजीकृत 13 भूखंडों के पंजीयन को निरस्त करवाकर एवं नए सदस्य बनाकर उन्हें कलेक्टर दर से कम दर पर विधि विरुद्ध अन्य लोगों को विक्रय किया।



- तत्कालीन लिक्विडेटर के खिलाफ कोर्ट में साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान पेश

# गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर की नई कमेटी तय

**रायपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर महावीर नगर की नई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव 20 जून को सम्पन्न हुआ। इसमें सर्व सहमति से प्रधान रणजीत सिंह खनूजा, मीत प्रधान- कैशियर कवलजीत सिंह बंगा और सचिव मनमोहन सिंह को चुना गया है। वहीं सह सचिव, सहायक सचिव कुलवंत सिंह को तय किया गया। मीत प्रधान के रूप में जसवंत सिंह संधू और संरक्षक का दायित्व इस बार राजेंद्र सिंह पन्नू को दिया गया। अब इनकी निगरानी में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी काम करेंगी। साथ ही वर्षभर होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यों को गति दी जाएगी।



# अंडरब्रिज के लिए गर्डर लांचिंग, प्रभावित रहेंगी दस पैसेंजर ट्रेन, तीन आधे रास्ते लौटेंगी, यात्री होंगे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निपनिया-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लगाने लिए जाने वाले ब्लाक की वजह से 25 और 28 जून को दस पैसेंजर ट्रेनों का संचालन नहीं होगा।

वहीं तीन ट्रेनों को बीच रास्ते से लौटा दिया जाएगा। ट्रेनों के रद्द होने की वजह से रायपुर-बिलासपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के निपनिया - भाटापारा सेक्शन के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। अंडरब्रिज निर्माण के लिए रीलिविंग गर्डरों के डी-लांचिंग करने ट्रैफिक-सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा। पहला पावर ब्लॉक दिनांक 24 जून को रात्रि 10 बजे से 25 जून को अपरान्ह तक लिया जाएगा।

दूसरा ब्लॉक 28 जून को रात्रि 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक लिया जाएगा। इसकी वजह से 28 जून को रायपुर-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर-गेवरा पैसेंजर, गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, रायपुर- गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रास्ता बदलेगा

*उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना सेक्शन के मध्य ललितपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण 16 से 19 जुलाई तक अमृतसर से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के परिवर्तित मार्ग को संशोधित किया गया है। अब यह ट्रेन मथुरा-बयाना-कोटा-नागदा-संत हिरदाराम नगर-भोपाल मार्ग होकर बिलासपुर आएगी।*

# छत्तीसगढ़ विधानसभा के पुराने भवन में अब फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) का नवा रायपुर में स्थायी कैंपस बनने तक एनआईएफटी रायपुर का संचालन पुराने विधानसभा भवन से किया जा रहा है। नए विधानसभा भवन के नवा रायपुर स्थानांतरित होने के बाद पुराने भवन को फैशन डिजाईनिंग की पढ़ाई के लिए के अस्थायी कैंपस के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र से संस्थान ने यहां पर अपना काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ विस के पुराने भवन को अब नए उपयोग के लिए राज्य सरकार ने पुराने विधानसभा परिसर में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की गतिविधियां शुरू करने की दिशा में पहल की है।

विधानसभा के नए भवन में स्थानांतरण के बाद पुराने भवन के उपयोग को लेकर लंबे समय से विचार किया जा रहा था। विधानसभा सचिवालय ने विधानसभा भवन के खाली होने की सूचना देने के बाद राज्य शासन की पहल पर केंद्रीय संस्थान एनआईएफटी ने पुराने विधानसभा भवन में अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है।



**एनआईएफटी को कैबिनेट ने दी थी स्वीकृति :** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की औपचारिक घोषणा और मंजूरी 17 अप्रैल 2025 को हुई थी। कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर में एनआईएफटी कैंपस स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 271.18 करोड़ तय की गई थी। नए विधानसभा भवन में स्थानांतरित होने के बाद एनआईएफटी का अस्थायी संचालन पुराने विधानसभा भवन, जीरो पॉइंट, रायपुर से शुरू किया गया है।

# गड़ा सोने का हार बताकर दुर्ग के कारोबारी से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना में एक कारोबारी ने दो लोगों के खिलाफ जिसमें एक महिला शामिल है, नकली सोना थमाकर 10 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने राजस्थान में जमीन की खुदाई के दौरान दो किलो सोने का हार मिलने का झांसा देकर प्रति किलो पांच लाख रुपए में बेचने सौदा किया था।

भिलाई निवासी धवल बडोदरिया ने राजेश प्रजापति तथा उसकी मां के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि उसके दोस्त नमन अग्रवाल के माध्यम से उसकी पहचान राजेश प्रजापति से टाटीबंध में हुई थी। राजेश ने तब धवल को अभनपुर में मजदूरी करना बताया था। बातचीत के दौरान उसने कारोबारी को खुदाई के दौरान पीतल के लोटा में दो किलो वजनी सोने का हार मिलने की बात कही और हार का एक टुकड़ा टकर कारोबारी को जांच कराने दिया। इसके बाद दोनों के बीच हार खरीदने ढाई लाख में सौदा हुआ। कारोबारी पैसा लेकर आया, तो राजेश की मां ने सोने की प्रति किलो पांच लाख रुपए मांग की।

इस पर राजेश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर हार को खरीद लिया। भिलाई जाकर सोने की जांच कराई, तो वह नकली निकला।

# संयुक्त टीम ने किया विभिन्न औद्योगिक संस्थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह के निर्देश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम श्री शांति संस उद्योग, इंडस्ट्रियल एरिया बिरकोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिशा शुक्ला सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, प्रतीक शुक्ला जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद, डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, एसके चौधरी पर्यावरण विभाग, सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक विधिक मापविज्ञान विभाग, अलीम अहमद नियाजी श्रम उप निरीक्षक श्रम विभाग उपस्थित रहे।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जांच में श्रमिकों का व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया। उचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। केमिकल स्टोर एरिया में सुरक्षा उपाय लिखे हुए नहीं पाये गये। परिवहन विभाग की जांच में ट्रकों की जांच गई। सभी ट्रकों में फिटनेस इश्योरेंस परमिट सभी सही मिला। विधिक मापविज्ञान विभाग की जांच में उपयोग हो रहे टैंकर गाड़ियों व मोबाइल डिस्पेंसिंग यूनिट सत्यापन से



संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। जिनके संबंध में संबंधित को नोटिस जारी किया जा रहा है। पर्यावरण विभाग की जांच में स्थितियां सामान्य पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, छग श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 के अन्तर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। सूचना बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया गया। अधिनियम का सारांश प्रदर्शित नहीं पाया गया। जिसके संबंध में प्रबंधक को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके पश्चात वॉलप्लास्ट प्रोडक्ट प्रालि बिरकोनी का जांच किया गया। जिसमें औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जांच में श्रमिकों का व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया। उचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। केमिकल स्टोर एरिया में सुरक्षा उपाय लिखे हुए नहीं पाये गये। परिवहन विभाग की जांच में फैक्ट्री में 03 ट्रैक्टर मिले। तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली बिना रजिस्ट्रेशन के फैक्ट्री परिसर के अंदर मिले नोटिस जारी किया जा रहा है। पर्यावरण विभाग की जांच में स्थितियां सामान्य पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, छग०श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982, के अंतर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। सूचना बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया गया। अधिनियम का सारांश प्रदर्शित नहीं पाया गया। ओवर टाइम लिया जाना पाया गया। ओवर टाइम के अंतर की राशि के लिए प्रबंधक को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके पश्चात ड्राई केम इंडिया प्रालि बिरकोनी का जांच किया गया। जिसमें औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जांच में श्रमिकों का व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया। उचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। केमिकल स्टोर एरिया में सुरक्षा उपाय लिखे हुए नहीं पाये गये। परिवहन विभाग की जांच में फैक्ट्री में 03 ट्रैक्टर मिले। तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली बिना रजिस्ट्रेशन के फैक्ट्री परिसर के अंदर मिले नोटिस जारी किया जा रहा है। विधिक मापविज्ञान विभाग की जांच में फैक्ट्री में स्थापित धर्मकांटे के सत्यापन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया जा रहा है। पर्यावरण विभाग की जांच में स्थितियां सामान्य पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, छग श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982. संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970 के अंतर्गत जांच / निरीक्षण किया गया। सूचना बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया गया। अधिनियम का सारांश प्रदर्शित नहीं पाया गया। ओवर टाइम लिया जाना पाया गया। ओवर टाईम के अंतर की राशि हेतु प्रबंधक को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके पश्चात बंजारे स्टोन एंड क्रेशर इंडस्ट्रीज ग्राम घोड़ारी का जांच किया गया। जिसमें श्रम विभाग की जांच में श्रमिक का बयान का लिया गया। दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। जय बजरंग स्टोन घोड़ारी का जांच किया गया। जिसमें श्रम विभाग की जांच में श्रमिकों का बयान लिया गया। संचालक को नोटिस जारी किया जा रहा है। हर्ष क्रेशर घोडारी की जांच में क्रेशर बंद पाया गया।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम टोली का श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

**महासमुंद।** शहर के स्वाध्याय केंद्र में आयोजित प्रभुद्धजन सम्मेलन में हम सबका श्रीराम टोली परिवार को श्रीफल भेंटकर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश मंत्री अमित साहू, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा व नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सम्मान किया। टोली प्रभारी शरद मराठा ने बताया विगत तीन वर्षों से सनातन धर्म के प्रति दिन प्रभु श्रीराम के पहट के 5 बजे से 6.30 बजे तक नगर के चारों ओर श्रीराम जय राम जय जय राम का भजन कीर्तन कर पद यात्रा करते है, जो निरंतर आगे भी और भारी संख्या के साथ जारी रहेगी। इस अवसर पर टोली के सदस्य राजू यादव, भोलाराम विश्वकर्मा, मोहित भोई, प्रकाश भाई, उपमा ठाकुर, पुनिया यादव, दमयंती बाई, भारती साहू, सीमा यादव, आशा बाई, सरस्वती ध्रुव, तोषी राजपूत, आकांक्षा बावनकर, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुमंत देंगे परामर्श



**बसना।** क्षेत्र के हृदय रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ एवं नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर के वरिष्ठ लीड कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.सुमंत शेखर पाढ़ी शनिवार 27 जून को अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान हृदय रोग संबंधी जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया जाएगा। मरीजों के लिए 2डी ईको, टीएमटी (ट्रेडमिल टेस्ट), ईसीजी एवं कार्डियक मार्कर जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सीने में दर्द, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, हृदय की धड़कन में अनियमितता, हार्ट फेलियर, हार्ट अटैक एवं अन्य हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज इस अवसर का लाभ उठा पाएंगे।

### निर्मला पॉल का निधन

**महासमुंद।** सेवानिवृत्त शिक्षिका निर्मला (दयाल) पॉल का देहावसान 25 जून 2026 को हृदय अवरोध होने के कारण 87 वर्ष की आयु में हो गया है। वे शहर के नेहरु बाल मंदिर की प्रथम शिक्षिका थीं तथा शासकीय शाला इमलीभाठा से सेवानिवृत्त हुईं थीं। वे अल्बर्ट पॉल की धर्मपत्नी तथा नंदिता पॉल की मां तथा अनायरा पॉल की नानी थीं।

# सीसीडीए के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राकेश का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के प्रथम नगर आगमन पर महासमुंद जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलेभर के दवा व्यवसायियों में विशेष उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में केमिस्ट एवं दवा व्यवसायी स्वागत समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान महासमुंद जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अरशी अनवर ने राकेश कुमार शर्मा को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेशभर के दवा व्यवसायियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। सदस्यों ने कहा कि शर्मा के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक दृष्टिकोण से दवा व्यवसायियों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। स्वागत समारोह में मनोज मालू, मनीष शुक्ला, संजय मालू, एजाज नकवी, बिजेंद्र साहू, घनश्याम चंद्राकर, नागेंद्र नशीने, प्रीतपाल बग्गा, लक्ष्मी सोनी, राकेश सोनी, किशन अग्रवाल, शम्मी सलूजा, शैलेंद्र अग्रवाल, इमरान अहमद सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट सदस्य एवं दवा व्यवसायी उपस्थित रहे। सभी ने गर्मजोशी से शर्मा का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में दवा व्यवसाय अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। बदलते नियम-कानून, ऑनलाइन व्यापार की बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा व्यवसायिक परिस्थितियों में हो रहे बदलावों के बीच एक मजबूत और सक्रिय संगठन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन प्रदेश के दवा व्यवसायियों की समस्याओं, मांगों और आवश्यकताओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखेगा तथा उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाएगा। वक्ताओं ने संगठन की एकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही दवा व्यवसायियों के हितों की सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार है। यदि सभी सदस्य एकजुट होकर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तो व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी एवं सकारात्मक ढंग से किया जा सकता है।

इस दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने, दवा व्यवसाय से जुड़े नियमों की जानकारी, बदलते व्यावसायिक परिवेश तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेश और जिला स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

**स्मरण :** लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को किया गया नमन

# संविधान हत्या दिवस एवं आपातकाल की 51वीं बरसी पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




संविधान हत्या दिवस एवं आपातकाल की 51वीं बरसी पर स्वाध्याय केंद्र में प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र, संविधान एवं नागरिक अधिकारों पर हुए प्रहार तथा लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान को स्मरण किया गया एवं मीसाबंदी सेनानियों को सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। सत्ता बचाने के लिए संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किया गया। हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोगों ने यातनाएं सहन कीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश में पुनः लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हो सकी। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आपातकाल की वास्तविकता से परिचित कराना आवश्यक है ताकि लोकतंत्र और संविधान के महत्व को समझा जा सके।

गोष्ठी में आपातकाल के चश्मदीद साक्षी एवं लोकतंत्र सेनानी मनीराम चंद्राकर ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की घटनाओं को साझा करते हुए बताया कि आपातकाल के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर छह माह से अधिक समय तक जेल में रखा गया। उन्होंने कहा कि विवाह के मात्र 16वें दिन उन्हें जेल भेज दिया गया था। नवविवाहित जीवन की खुशियां शुरू भी नहीं हो पाई थीं कि उन्हें लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष के कारण परिवार से दूर रहना पड़ा। उन्होंने बताया कि जेल में रहते हुए अनेक प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक यातनाएं झेलनी पड़ीं, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित के प्रति उनका संकल्प कभी कमजोर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि उस समय हजारों परिवारों ने कठिनाइयों का सामना किया, परंतु लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष जारी रखा। उनके संस्मरणों ने उपस्थित जनों को भावुक कर दिया तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों की याद ताजा कर दी।

इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय अमृत साहू के संघर्षों का उल्लेख करते हुए उनकी धर्मपत्नी उर्मिला अमृत साहू ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अमृत साहू मीसाबंदी रहे और आपातकाल के दौरान परिवार को अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। परिवार के मुखिया के जेल में रहने के कारण आर्थिक, सामाजिक और मानसिक चुनौतियां सामने आईं। उन्होंने कहा कि उस दौर में परिवारों ने भी उतना ही संघर्ष और पीड़ा सहन की, जितनी जेल में बंद लोकतंत्र सेनानियों ने झेली। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिया गया वह त्याग आज भी प्रेरणा प्रदान करता है और आने वाली पीढ़ियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल ने संविधान की मूल भावना, नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को गंभीर रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हत्या दिवस केवल इतिहास को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को उस दौर की वास्तविकता से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री थानसिंह दीवान तथा जितेंद्र त्रिपाठी, कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलेभर से जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी, समाजप्रमुख तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने का संकल्प लिया गया।




## वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर हुआ जिला स्तरीय आयोजन

महासमुंद। गोंडवाना की महान वीरांगना एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली महारानी दुर्गावती जी के शहादत दिवस पर 24 जून को जिला मुख्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला, सर्व आदिवासी समाज जिला एवं शासकीय अनुसूचित जनजाति कर्मचारी सेवक संघ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी समाज के पुरोधाओं एवं महापुरुषों को नमन करते हुए उनके तैलचित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया। जिलेभर से हजारों की संख्या में पहुंचे समाज प्रमुखों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं समाजजनों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन समिति द्वारा समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया था, जिसका व्यापक प्रभाव देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, किसान कल्याण तथा आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे। इसके अलावा महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, कृषि बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष आरएन ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक नेताओं एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम ने महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके अदम्य साहस, त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। तत्पश्चात अटल परिसर में स्थापित अमर शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा विभिन्न विभागों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले शासकीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों एवं वक्ताओं ने अपने संबोधन में महारानी दुर्गावती के शौर्य, स्वाभिमान, देशप्रेम एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ के जिलाध्यक्ष डेजी रानी नेताम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तुलाराम सोरी, मीडिया प्रभारी अजय पोडेटी एवं ओमप्रकाश नेताम ने आभार व्यक्त किया।

# कुष्ठ उन्मूलन पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के चिकित्सा अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, प्रशिक्षक के रूप में क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान त्स्ज्त्, रायपुर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेख अहतेसाम शरीफ एवं सहायक निदेशक एपिडेमियोलॉजी डॉ. किरण स्वप्निल अखाडे, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीपी सिंह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, संदिग्ध केसों की रिपोर्टिंग, मल्टी ड्रग थेरेपी एमडीटी का उचित उपयोग, रिएक्शन व अल्सर प्रबंधन, विकलांगता रोकथाम, संपर्क जांच एवं एसडीआर एंड पीआरपी प्रोटोकॉल पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले से कुष्ठ को पूरी तरह समाप्त करना है।




इस कार्यशाला से फील्ड स्टाफ की क्षमता बढ़ेगी और जीरो कुष्ठ का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त होगा। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने कार्यशाला में कुष्ठ के लक्षण, समय पर उपचार एवं सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, जिले के सभी विकासखंडों से आए चिकित्सा अधिकारियों व सेक्टर सुपरवाइजरों ने सक्रिय भागीदारी की।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों का स्वागत कर बांटे पुस्तक

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला स्टेशन पारा के शाला प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को पारंपरिक रूप से फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। साथ ही गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारती राजेंद्र चंद्राकर पार्षद वार्ड 23 ने की। विशेष अतिथि कल्पना सूर्यवंशी पार्षद वार्ड 12 एवं शाला के विधायक प्रतिनिधि अभिषेक पांडे उपस्थित थे। पार्षद भारती चंद्राकर ने कहा कि नए सत्र में बच्चे दुगनी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ शाला आए। अभी प्राथमिक स्तर में शिक्षकों द्वारा जो ज्ञान बच्चो को दिया जाता है वो ज्ञान बच्चों को जीवनपर्यंत तक याद रहता है। पार्षद कल्पना सूर्यवंशी ने कहा कि बच्चों को सही संस्कार देना भी शिक्षकों का कर्तव्य है, इसलिए शिक्षकों कों भगवान का दर्जा दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि अभिषेक पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चों का सर्वांगीण विकास का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को संस्था के सेवानृवित प्रधान पाठक सुशील शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खगेंद्र तारक एवं आभार प्रदर्शन विनीता चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर शिक्षकगण डेरेश्वरी शर्मा, विनीता चंद्राकर, दिव्या वर्मा, जनक ध्रुव, हरदयाल बाघ, जितेंद्र दीवान, आशीष दीवान उपस्थित रहे।

# शहर में दो दिवसीस राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 29 से

**महासमुंद।** युवाओं में खेल भावना, आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक विकास, स्वच्छता के प्रति जागरुकता तथा नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरुकता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक मंगल भवन खैरा में राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय आयोजन में प्रदेश के 19 जिलों से लगभग 400 प्रतिभागी, कोच एवं मैनेजर शामिल होंगे।

कार्यक्रम कूडो एसोसिएशन महासमुंद द्वारा जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, खेलकूद प्रतियोगिताएं, नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान तथा जनजागरुकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन प्रदेशभर के खिलाड़ियों एवं युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जहां उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त समाज, स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित समाज के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर प्रतिभागियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों से आने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की तैयारी पूर्ण कर ली है।

# सेवा सेतु पोर्टल से लोकेश्वर को घर बैठे मिला विवाह प्रमाण पत्र, ऑनलाइन किया था आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ अब आम नागरिकों तक तेजी और सरलता से पहुंच रहा है। इसी क्रम जिले के निवासी लोकेश्वर यादव, जिन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया और मात्र 10 दिनों के भीतर उन्हें उनका विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। लोकेश्वर यादव ने बताया कि पहले कोई भी प्रमाण पत्र बनाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और श्रम दोनों की आवश्यकता होती थी। लेकिन, सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उन्होंने घर बैठे कम समय में ही ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन का परीक्षण किया गया और समय-सीमा के भीतर उनका विवाह प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुविधाजनक रही। आवेदन की स्थिति की जानकारी भी उन्हें ऑनलाइन मिलती रही, जिससे अनावश्यक परेशानी नहीं हुई। प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद उन्होंने शासन की इस डिजिटल पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा सेतु पोर्टल नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है। लोकेश्वर यादव ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से मिली इस सुविधा के लिए राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल सेवाओं से आम लोगों का समय बच रहा है और सरकारी सेवाओं तक पहुंच पहले से अधिक आसान हुई है। जिससे नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और सुगम सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन का सेवा सेतु पोर्टल प्रशासनिक सेवाओं को सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बना रहा है। पहले ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर 86 सेवाएं उपलब्ध थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब 441 से अधिक सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, भू-अभिलेख, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर भी कई सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होने से ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। व्हाट्सएप से जुड़े इस पोर्टल के जरिए नागरिक आवेदन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन और ट्रैकिंग व्यवस्था से सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित हो रही है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भीमसेनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में भीमसेनी एकादशी पर व्रत (निर्जला) रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। राम मंदिर में एकत्रित होकर महिलाओं ने व्रत के नियमों का पालन किया, कथा सुनी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन बिना जल और अन्न ग्रहण किए 24 घंटे का उपवास रखा। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीमसेन द्वारा इस व्रत को रखने के कारण इसे 'भीमसेनी एकादशी' भी कहा जाता है। इस दिन पानी से भरे घड़े (मटके), छाते और मौसम के फलों का दान करना बहुत पुण्यकारी माना गया है।

### कबीर जयंती 29 को



**महासमुंद।** स्थानी रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में 29 जून सोमवार को पारख सिद्धांत के प्रणेता कबीर साहेब की जयंती मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में बलवान साहेब कबीर वाणी का बखान करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक संध्या पाठ, भजन, प्रवचन, पूजा एवं आरती के बाद 2:30 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। कबीरपंथी भक्त समाज ने आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### ट्रेड सर्टिफिकेट के संबंध में परिवहन विभाग के निर्देश

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटर यान नियम 1989 के नियम 33 से नियम 46 के तहत ट्रेड जारी करने एवं उपयोग करने के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि नियम 35 (1) के तहत प्रारूप 17 में ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) जारी किया जाता है। जिसमें स्पष्ट रूप से शोरुम का पता अंकित होता है। निर्धारित स्थान से भिन्न स्थान में शोरुम का संचालन करते पाये जाने की स्थिति में वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। अतः अन्यत्र स्थान पर बिना ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) के वाहन विक्रय नहीं किया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा संबंधित डीलर के ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# बिरकोनी में मनाया विखं स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी में महासमुंद विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य नागरिकों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को लगन और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, छोटे- छोटे कदम ही बड़े सपनों तक पहुंचाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, अमर चंद्राकर एवं स्थानीय सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया।

प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय में दाखिल हुए नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, हार पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।



शासन की मंशानुरूप बच्चों को नए सत्र के पहले ही दिन निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग और स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण अतिथियों के हाथों किया गया। कार्यक्रम में एक बेहद संवेदनशील और सराहनीय पहल भी देखने को मिली, जिसके तहत विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बालक परमेश्वर एवं बालिका आस्था को अतिथियों द्वारा विशेष दिव्यांग किट प्रदान की गई। बच्चों को उपहार और किट मिलने से पूरा माहौल हर्षोल्लास से भर गया।

कार्यक्रम में एपीसी सम्पा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल बजारा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, हीना ढालेन, ईश्वर चंद्राकर तथा विद्यालय के प्राचार्य करण सिंह सोरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन व्याख्याता लक्ष्मण दास मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम के समापन पर बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा ने उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, पालकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, सहदेव राम ध्रुव, आशीष कुमार साहू, पवन साहू, ईश्वर कुमार, ललित किशोर बया, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, बलराम नेताम, गोपाल साहू सहित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी के समस्त स्टाफ और संकुल के सभी शिक्षकों का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा।

## चर्चा : नगर पालिका में हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

# मानसून को लेकर नपा की तैयारियां तेज, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

आगामी मानसून को देखते हुए नगर पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को बड़े नालों और नालियों की समय-सीमा में सफाई पूरी कर बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि शहर में बारिश का पानी निर्बाध रूप से निकले, इसके लिए सभी प्रमुख नालों से गाद निकालने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

उन्होंने निचले और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। स्वच्छता शाखा प्रभारी को वर्षाकाल में मच्छरों और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए नालियों में नियमित रूप से एंटी-लार्वा दवा और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष बघेल ने चेतावनी दी कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिसके पश्चात नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता में सभी शाखा प्रभारी, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक रखी। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रत्येक सोमवार को 11 बजे से समीक्षा बैठक की जाएगी। प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को अधिकारी / कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से श्रमदान किया जाएगा।



नायकिन तालाब में श्रमदान के तहत साफ-सफाई किया जाएगा। मत्स्य ठेकेदार को तालाबों का साफ-सफाई कार्य के लिए निर्देश दिए गए। नाला/नालियों का साफ-सफाई कार्य हेतु सफाई प्रभारी को निर्देशित किया गया। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए वार्ड कमांक 01 से 15 तक के समस्त खंभों का स्ट्रीट लाइट सुधार कार्य करवाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का समय सीमा में भुगतान करना सुनिश्चित करें। पानी टंकियों के आसपास साफ सफाई कराने सुनिश्चित करें। पानी टंकियों में ब्लिलिंग पाउडर डलवाने हेतु निर्देशित किया गया। डिवायडर में बंद पडे लाईटों को सुधार कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, सभापति रमेश ठाकुर, पार्षद थानू पांडे, प्रेम साहू, नगर पालिका के गिरीश चंद्रा, इंजीनियर अग्रवाल सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन 1076, एक कॉल पर चैतराम को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

## जिले में 352 आवेदनों का किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया जिले में समयबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों के समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

इसी क्रम में आवेदक चैतराम बंजारा द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं होने संबंधी शिकायत सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 में दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मामले का परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके बाद आवेदक को ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर सूचना दी गई तथा लाइसेंस प्रदान किया गया। सेवा प्राप्त होने पर आवेदक ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए सकारात्मक फीडबैक भी दर्ज कराया। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला प्रशासन द्वारा इसी प्रकार अन्य 32 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया है। अब तक सीएम हेल्पलाइन 1076 में जिले से 1,143 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 352 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि संबंधित आवेदकों से फीडबैक प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं 15 आवेदनों को द्वितीय स्तर के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से अपनी लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों का समाधान करने को कहा है, ताकि नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बता दें कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से प्रदेश के नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं तथा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी साझा कर सकते हैं। हेल्पलाइन को व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा गया है, जिससे नागरिक मोबाइल के माध्यम से आसानी से अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकते हैं। शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं होता है, तो शिकायत स्वतः उच्च अधिकारियों के पास पुनः परीक्षण एवं जांच के लिए अग्रेषित कर दी जाती है।

# सुखरीडबरी में मनाया संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि गांव प्रमुख सरपंच जानकी ठाकुर रही। अध्यक्षता उपसरपंच ओमप्रकाश पटेल ने की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य केएस सबर, संकुल समन्वयक मनोज कुमार चंद्राकर, रामानंद चक्रधारी, कमल चक्रधारी, चंदेश्वर दीवान, लक्ष्मण चक्रधारी, पुलित पटेल, मनोज दीवान, गजेंद्र कुमार ठाकुर, राजेंद्र चक्रधारी, हिमांशु ठाकुर, प्राथमिक शाला अनवरपुर से देवेंद्र दीवान प्रधान पाठक, सिर्री से जानकी साहू प्र. पाठक, दावनबोड़ से योगेश्वरी बंजारे स.शि., टुरीझर से सुजीत ठाकुर स.शि., इस संस्था से प्रमुख रूप से व्यास नारायण बंजारे व्याख्याता, कांतिलाल दीवान व्याख्याता, रविशंकर पटेल, ज्योतिष चौधरी, चिंताराम कुर्रे, देवेंद्र कुमार साहनी स.शि., द्रोण पटेल, कामेश्वरी साहू व्याख्याता, जयमाला टांडे, राधा चंद्राकर, कीर्ति दीवान स.शि. मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लाल टंडन ने किया।



# खुटेरी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम खुटेरी के सरपंच सुशीला माँझी मुख्यातिथि, महेश ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबन्ध समिति सभापति के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच गेसराम पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम घनश्याम धांधी, कृष्णा ध्रुव, सुकलाल बरिहा, उमाशंकर सिन्हा, चैनसिंह श्याम, प्रीतम बरिहा, दशरथ साहू, पंच मंजू ठाकुर सहित पालकों में राधा ध्रुव, कलाबाई ध्रुव, मोतिन यादव, टिकेश्वरी देवांगन, रतनी निषाद, अनिता निषाद के साथ साथ बहुत संख्या में पालकगण उपस्थित थे।



पूर्व माध्यमिक शाला खुटेरी के प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। जिनमें से समिति के सदस्यों ने रतनी निषाद को अध्यक्ष और प्रीतम बरिहा को उपाध्यक्ष के रूप में चुने। प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी कक्षा पहिली व छठवीं के बच्चों का तिलक वंदन कर मिठाइयां खिलाई गई और उन्हें अभ्यास पुस्तिका के साथ-साथ पेन (पूर्व सरपंच सुकलाल पटेल द्वारा) एवं पहिली के बच्चों को टाई बेल्ट (महेश ध्रुव द्वारा) प्रदान किए गए। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच सुशीला मांझी ने बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, दशरथ साहू, महेश ध्रुव, नवनियुक्त शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रतनी निषाद, प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक प्रधानपाठक डोलामणि साहू एवं संयोजन विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, अभिनंदन नाग, नरसिंग पटेल, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव, लक्ष्मीलाल ठाकुर, लेखराम ध्रुव ने किया। जलेबी, चॉकलेट, मिठाई एवं भोजन उपरांत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का समारोप हुआ।

# एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में खुशबू ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम छोटेलोरम की प्रतिभाशाली छात्रा खुशबू कश्यप ने एक बार फिर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। दामिनी पब्लिक स्कूल परसवानी की कक्षा 5वीं की छात्रा खुशबू कश्यप ने इस वर्ष आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। खुशबू मकरध्वज कश्यप की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर है। छात्रा की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय प्रधान, सदस्य कुलदीप प्रधान, चंद्रमणि पटेल, वरुण प्रधान सहित समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया। विद्यालय के संचालक महेश बाघ, प्रधान पाठक, समस्त शिक्षकगणों एवं पालकों ने भी खुशबू को उसकी सफलता पर विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि खुशबू भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।



### आत्मानंद शाला में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमाडबरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करना था। इस अवसर पर पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर एवं चॉकलेट भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष रहे। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य अमि रूफस ने की। विशिष्ट अतिथियों शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, गोपाल वर्मा, राहुल आवड़े पार्षद तथा पार्षद जितेंद्र ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता गोसाई राम टांडेकर, ओमप्रकाश देवांगन, प्रधान पाठक रूपा पांडेय, कृति थवाईत, रंजीत सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीकेबाहरा स्कूल में प्रवेशोत्सव पर वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरव ग्राम बीकेबाहरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर मंत्रोच्चार पूजन कर माँ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शाला परिवार द्वारा अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का भी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीके बाहरा के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के साथ नागरिक उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य अंकित चंद्राकर द्वारा विद्यालय की अनुसासन व नियमों की जानकारी दी गई एवं सभी की उज्वल भविष्य के लिए प्रति दिन विद्यालय आने प्रेरित किया गया।



सासंद प्रतिनिधि आर्य प्रकाश चंद्राकर ने कहा कि विद्यालय आपके भविष्य के लिए परिश्रम करने का स्थान है। आप सभी स्वानुशासन में रहकर इसका पालन करें और आगे जीवन में सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर लोकेश पुनरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी, सांसद प्रतिनिधि आर्यप्रकाश चंद्राकर, बलराम ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य, खेमराज साहू सरपंच, कांति बाई, कलाराम साहू, पूरन सब्बर, खोमन साहू, राधेश्याम पटेल एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

### पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की द्वितीय चरण की रजिस्ट्रेशन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस इंजी. ब्रांच संचालित है। प्रवेश प्रभारी शासकीय पॉलीटेक्निक ने बताया कि प्रत्येक में 30-30 सीट पीपीटी के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की द्वितीय चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 26 जून से 30 जून 2026 तक निर्धारित है। वे विद्यार्थी जिन्होने पीपीटी परीक्षा दिया है वे निर्धारित तिथि तक संचालनालय तकनीकी शिक्षा, रायपुर की वेबसाइट www.cgdte.admissions.nic.in में अपना रजिस्ट्रेशन कर काउंसिलिंग के लिए अपना विकल्प जमा कर सकते हैं। संचालनालय द्वारा मेरिट के आधार पर आबंटित सीट पर प्रथम चरण में 04 जुलाई से 09 जुलाई 2026 तक संबंधित संस्था में प्रवेश लिया जा सकता है। विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया में दस्तावेज परीक्षण के लिए काउंसिलिंग फॉर्म का प्रिंट आउट, सीट आबंटन प्रमाण पत्र, 10वी की अंकसूची, पीपीटी स्कोर कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ संस्था में उपस्थित हों।

# भाजपा के जीरो टॉलरेंस के दावे की पोल खोल रही 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी

## पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने कहाः साय सरकार के पौने 3 साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग बना भ्रष्टाचार का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है। 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी का घोटाला भाजपा के 'जीरो टॉलरेंस' के झूठे दावे की कलई खोल रही है।

चंद्राकर ने कहा कि 10 करोड़ रुपए की रीजेंट खरीदी में घोटाला कोई प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि जनता के पैसे पर सुनियोजित डाका है। जो सरकार की नीयत और नीति दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। चंद्राकर ने सवाल किया कि 21 जनवरी को कैबिनेट ने प्रदेश के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सरकारी पैथोलॉजी लैब को बंद कर पूरा काम एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) को सौंपने का फैसला ले लिया था, तब कैबिनेट के इस फैसले के ठीक 48 घंटे बाद 23 जनवरी को सीजएमएससी ने आनन-फानन वैनगार्ड कंपनी को 10 करोड़ रुपए का रीजेंट सप्लाई करने का ऑर्डर क्यों दे दिया। जब सरकार को पहले से पता था कि सरकारी लैब बंद होने वाली है, और पुरानी मशीनें कबाड़ में जाने वाली हैं तो फिर उन्हीं मशीनों के लिए 10 करोड़ का रीजेंट क्यों खरीदा गया। यह ऑर्डर किसे फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद दिया गया, इसका जवाब भाजपा की साय सरकार देना चाहिए।



चंद्राकर ने कहा कि यह है कि हर पैथोलॉजी मशीन का रीजेंट अलग होता है। एचएएल जब नई मशीनें लगाएगी तो सरकारी पैसे से खरीदा गया यह 10 करोड़ का रीजेंट उन मशीनों में काम ही नहीं आएगा। साफ है कि यह पूरा स्टॉक गोदाम में पड़ा-पड़ा एक्सपायर हो जाएगा। साफ जाहिर है भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए जान बूझकर 10 करोड़ रुपए का नुकसान कराया। ताकि, किसी खास कंपनी या बिचौलिए को फायदा पहुंचाया जा सके। इस पूरे मामले में गरीब मरीजों के साथ सबसे बड़ा धोखा किया गया है। सरकार ने एचएएल का सबसे महंगा मॉडल-3 मंजूर किया है। जिसमें जांच दरों पर मरीजों को कोई छूट नहीं मिलेगी। जांच के लिए सरकारी बिल्डिंग का इस्तेमाल होगा, सरकारी बिजली खर्च होगी, सरकारी स्टाफ काम करेगा, लेकिन गरीब मरीज से जांच का पूरा पैसा वसूला जाएगा।

चंद्राकर ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह कमीशनखोरी की भेंट चढ़ चुकी हैं। पहले सरकार ने सरकारी लैब को बेचकर निजी हाथों में सौंप दिया और अब एक्सपायर होने के लिए 10 करोड़ का रीजेंट खरीदकर जनता के पैसे को लुटाया जा रहा है। यह सरकार गरीब विरोधी और भ्रष्टाचार समर्थक है। भाजपा जो दिन-रात गरीब कल्याण का नारा लगाती है, उसी ने सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर निजी कंपनियों को गरीब की जेब काटने का लाइसेंस दे दिया है। यह भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ रुपये की इस रीजेंट खरीदी को तत्काल प्रभाव से रद्द कर जिम्मेदार सभी अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज की जाए। अन्यथा प्रदेश की जनता इस घोटालेबाज सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।